Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 260 रायपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

1.5 करोड़ के इनामी नक्सली भूपति समेत 60 नक्सलियों ने किया सरेंडर, छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र समेत 5 राज्यों में था मोस्ट वांटेड

कांकेर, 14 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ से सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में नक्सल मौर्चे पर सुरक्षा बल को बड़ी सफलता हासिल हुई है। जहां आज मोस्ट-वांटेड नक्सली मोडुल्ला उर्फ भूपति उर्फ सोनू दादा समेत लगभग 60 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। भूपति बड़े कैडर का नक्सली है और वह छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र में नक्सली नेटवर्क का सक्रिय सदस्य माना जाता है। उस पर लगभग 1.5 करोड़ रुपए का इनाम घोषित था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, सोनू दादा ने सरकार के समक्ष हथियार समेत आत्मसमर्पण करने की बात कही। उसके बयान के बाद नक्सली संगठन में आपसी मतभेद और फूट देखने को मिली। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों से पुलिस और सुरक्षा बल फिलहाल पूछताछ कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली विभिन्न रैंकों में शामिल हैं, जिनमें डिवीजन कमेटी मेंबर और एरिया कमेटी मेंबर भी शामिल हैं। कई नक्सली पहले भी बड़ी मुठभेड़ों में भाग ले चुके हैं और उनकी भूमिका गंभीर मानी जाती है। यह घटना नक्सलवाद पर सरकार की सख्त कार्रवाई और लोन वर्राटू अभियान की सफलता का संकेत भी है। उल्लेखनीय है कि इससे लगभग 20 दिन पहले छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में इसी अभियान के तहत 71 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। इनमें 21 महिला और 50 पुरुष नक्सली शामिल थे। उस समूह में 30 नक्सलियों पर कुल 64 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

नक्सलियों ने भाजपा कार्यकर्ता को उतारा मौत के घाट, शव के पास फेंका पर्चा

बीजापुर, 14 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने एक बार फिर कायराना हरकत को अंजाम दिया है. नक्सलियों ने भाजपा कार्यकर्ता पूनम सत्यम की हत्या कर दी है. इस घटना की जिम्मेदारी भाकपा (माओवादी) की माड़ेड़ एरिया कमेटी ने ली है. बीजापुर एसपी डॉ. जितेंद्र ने मामले की पुष्टि की है। जानकारी के मुताबिक, घटना थाना इलमिडी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुंजाल कांकेर की है. भाजपा कार्यकर्ता पूनम सत्यम काफी समय से नक्सलियों के निशाने पर था. उन्होंने कई बार चेतावनी भी दी थी. बताया जा रहा है कि सोमवार देर रात करीब 4 से 5 नक्सली सादे वर्दी में पूनम के घर पहुंचे. इस दौरान उन्होंने अपने पास रखे रस्सी से गला घोंटकर भाजपा कार्यकर्ता की हत्या कर दी. वारदात के बाद नक्सलियों ने शव के पास पर्चा फेंका है. इसमें महेड एरिया कमेटी ने इस वारदात की जिम्मेदारी ली है।

बीजापुर एसपी डॉ.जितेंद्र ने घटना की पुष्टि की है. उन्होंने बताया कि घटनास्थल के लिए बल रवाना कर दिया गया है. क्षेत्र में सर्चिंग जारी है. नक्सलियों द्वारा भाजपा कार्यकर्ता की हत्या की घटना की गृहमंत्री विजय शर्मा ने कड़ी निंदा की और उन्होंने कहा कि बस्तर की

साइबर क्राइम से जुड़े अपराधिक गतिविधियों की समीक्षा

जनता ने स्पष्ट कह दिया है कि नक्सलवाद समाप्त होना चाहिए. बड़े नक्सलियों के समूह भी नक्सवाद को खत्म करना तय कर लिया है. गृहमंत्री शर्मा ने बताया कि लगभग सालभर पहले नक्सली महिला ने गढ़चिरौली (छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा) में आत्मसमर्पण किया था. इसके बाद उसके पति ने भी सरेंडर कर मुख्यधारा को अपना लिया. इस वक्त बस्तर में बहुत सारी गतिविधियां चल रही है. आने वाले समय में मुख्यधारा में शामिल होने वालों का स्वागत किया जाएगा. उन्हें सरकारी नीति के तहत व्यवस्थाएं दी जाएगी. और जो इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, उनसे निपटने के लिए सुरक्षाबल के जवान पूरी ताकत से जुटें हैं।

नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम

बीजापुर में सुरक्षाबलों को सर्च अभियान के दौरान बड़ी सफलता हाथ लगी है. ताड़पाला बेस कैम्प के पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों के हथियारों का जखीरा मिला है. कार्रवाई में नुकसान पहुंचाने के लिए प्लांट किए गए 5 आईईडी को बरामद किया गया है. दरअसल, उसूर थाना अंतर्गत क्षेत्र ताड़पाला बेस कैम्प से कोबरा 206, केरिपु 229, 153 और 196 की संयुक्त टीम ने केजीएच क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया. इस दौरान दोपहर करीब 3 बजे नक्सलियों द्वारा छिपाए गए भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और बीजीएल बनाने की सामग्री बरामद किया गया. 51 नग जिंदा बीजीएल, 100 बंडल एचटी एल्युमिनियम तार, स्टील पाइप 50 नग (बीजीएल निर्माण के लिए)भारी मात्रा में बिजली का तार, 20 नग लोहे की शीट (बीजीएल निर्माण के लिए), 40 नग लोहे की प्लेट (बीजीएल निर्माण के लिए) जवानों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए 5 आईईडी भी बरमाद किए गए. इसके बाद बीडीएस (बम डिस्पोजल स्क्वाड) टीम ने मौके पर आईडी को सुरक्षित रूप से डिफ्यूज कर दिया।

कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर जवानों को मिला हथियारों का जखीरा, 5 प्रेशर आईईडी भी बरामद

भारतीय रेल के इतिहास में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

बिलासपुर मंडल में 195 दिनों में 100 मिलियन टन माल लोडिंग का रिकॉर्ड!

रायपुर/बिलासपुर, 14 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल ने यह साबित कर दिया है कि वह भारतीय रेल की रीढ़ है. मंडल ने मात्र 195 दिनों में 100 मिलियन टन माल ढुलाई का अभूतपूर्व लक्ष्य हासिल कर भारतीय रेल के इतिहास में नया कीर्तिमान स्थापित किया है. इससे पहले यह रिकॉर्ड धनबाद मंडल (डीएचएन डिविजन) के नाम था, जिसने 197 दिनों में यह उपलब्धि प्राप्त की थी, जबकि बिलासपुर मंडल का स्वयं का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 203 दिनों में 100 मिलियन टन माल ढुलाई का था जिसे विगत वित्तीय वर्ष में किया गया था. मगर इस वर्ष बिलासपुर मंडल ने सबसे तेज गति से 100 मिलियन टन माल लोडिंग पूरी कर देश का प्रथम मंडल बनने का गौरव अर्जित किया.

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल ने पूरे मंडल के रेल कर्मयोगी, लोको पायलटों, कॉमर्शियल एवं ऑपरेटिंग स्टाफ सहित सभी सहयोगी विभागों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता हमारी टीम भावना, समर्पण और सतत प्रयासों का परिणाम है. हम इसी ऊर्जा के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में अपना योगदान जारी रखेंगे.

धर्मांतरण और चंगाई सभा के लिए जल्द आएगा सख्त कानून : विजय शर्मा

रायपुर, 14 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में हुई कलेक्टर्स-एसपी कॉन्फ्रेंस में धर्मांतरण और चंगाई सभा को लेकर चर्चा की गई, जिसपर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंगलवार को बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि धर्मांतरण के खिलाफ जल्द सख्त कानून आएगा, जो देश में सबसे सशक्त कानून होगा. चंगाई सभा बंद होना चाहिए, यह लोगों को भ्रमित करने के लिए होता है.

पुलिस अधीक्षकों को फटकार, उपमुख्यमंत्री बोले- परफॉर्मेंस सुधारने का आखिरी मौका

प्रदेश में कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने 3-4 जिलों के पुलिस अधीक्षकों को फटकार लगाई थी. इसे लेकर उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सभी एसपी को हिदायत दी है. जिनका परफॉर्मेंस बेहतर नहीं है, उन्हें परफॉर्मेंस सुधारने का आखिरी मौका दिया गया है. मुख्यमंत्री ने साफ कहा है कि अगर परफॉर्मेंस ठीक नहीं होने पर निर्णय लिया जाएगा. बिहार चुनाव में भाजपा नेताओं के जाने को लेकर कांग्रेस के बयान पर पलटवार करते हुए विजय शर्मा ने कहा कि पदयात्रा का विषय अच्छा है और भाव भी अच्छा है, लेकिन कांग्रेस नेता को यह भी बताना चाहिए कि उनके नेता ने जो पदयात्रा की थी, उसका परिणाम क्या निकला. उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता कैसे जाएंगे, यह कांग्रेस छोड़ दें. हमें पूरा विश्वास है कि बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी. सीटों का बंटवारा भी पूरी तरह से हो चुका है और हम पूरी ताकत के साथ एनडीए की जीत सुनिश्चित करने में जुटे हैं. उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब देखना यह है कि वे वहां जाकर वास्तव में लड़ाई करेंगे या टिकट बेचेंगे, उम्मीद है कि इस बार वे कुछ अच्छा करेंगे.

ब्रेकिंग न्यूज

ट्रंप ने भारत को 'महान देश' बताते हुए कहा- मोदी मेरे अच्छे दोस्त है

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। डॉनल्ड ट्रंप ने मिस्र में गाजा शांति शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी को अपना अच्छा दोस्त बताते हुए भारत की प्रशंसा की और कहा कि भारत-पाकिस्तान बहुत अच्छे से साथ रहेंगे। इस बीच, पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने मध्य पूर्व में शांति स्थापित करने और भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने के ट्रंप के अथक प्रयासों के लिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार हेतु नामांकित किया। ट्रंप ने आठ संघर्षों को सुलझाने का दावा किया, जिसमें इज़रायल-हमास युद्धविराम भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उनका मानना है कि भारत और पाकिस्तान बहुत अच्छे से साथ रहेंगे। उन्होंने मिस्र में गाजा शांति शिखर सम्मेलन में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के पीछे खड़े होने पर शहबाज शरीफ की ओर इशारा किया। इस टिप्पणी पर मेहमान नेता हंस पड़े। ट्रंप ने शर्म अल-शेख में कैमरों की ओर मुस्कुराते हुए पत्रकारों से कहा भारत एक महान देश है जिसके शीर्ष पर मेरा एक बहुत अच्छा दोस्त है। और उसने बहुत अच्छा काम किया है। मुझे लगता है कि पाकिस्तान और भारत बहुत अच्छे से साथ रहेंगे। ट्रंप ने अपने पीछे खड़े पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की ओर देखते हुए हंसते हुए जवाब दिया। गाजा में इज़राइल-हमास युद्ध समाप्त होने के बाद युद्धविराम समझौते के बाद मिस्र के इस शहर में विश्व नेताओं के एक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए ट्रंप ने मंच से कहा कि उन्हें लगता है कि भारत और पाकिस्तान बहुत अच्छे से साथ रहेंगे। इससे पहले, शरीफ और अपने पसंदीदा फील्ड मार्शल पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की प्रशंसा करते हुए, ट्रंप ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को सभा को संबोधित करने के लिए भी आमंत्रित किया। शरीफ ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के अथक और अथक प्रयासों के बाद मध्य पूर्व में शांति स्थापित हुई है।



चूहा- सुनती हो, सोने-चांदी के भाव सबसे उच्च शिखर पर हैं।

चुहिया- हां जी, दीवाली में दिवाला होने का है...!

बिहार चुनाव से पहले महागठबंधन में सियासी ड्रामा

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बीच बातचीत ठप हो गई है और दोनों पक्ष किसी भी समझौते से इनकार कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कांग्रेस नेताओं को कड़ी मोलभाव करने का निर्देश दिया है, जबकि राजद प्रमुख तेजस्वी यादव अपनी पार्टी के रुख पर अड़े हुए हैं। यह विवाद अब गठबंधन की चुनावी तैयारियों को बाधित करने का खतरा पैदा कर रहा है क्योंकि कोई भी पक्ष झुकने को तैयार नहीं दिख रहा है। दिल्ली में तेजस्वी यादव और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के बीच हुई एक महत्वपूर्ण बैठक बिना किसी समाधान के समाप्त हो गई।

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने सोमवार को कई वफादारों को पार्टी के चुनाव चिन्ह वितरित किए, जबकि महागठबंधन ने अभी तक आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप नहीं दिया है। आईआरसीटीसी घोटाले के सिलसिले में राउज़ एवेन्यू कोर्ट में पेशी के बाद दिल्ली से लौटने पर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के पटना स्थित आवास पर भारी भीड़ जमा हो गई। पार्टी आलाकमान से बुलाए गए उम्मीदवार पार्टी चिन्ह लेने पहुँच गए। कई लोग चुनाव चिह्न का प्रदर्शन करते देखे गए, उनके चेहरे खिले हुए थे। हालाँकि, यह स्पष्ट नहीं है कि कितने लोगों को आधिकारिक तौर पर पार्टी टिकट दिए गए हैं।

ट्रेन से सोने की तस्करी! इंटरसिटी एक्सप्रेस से 3.37 करोड़ का सोना-चांदी जब्त, 1 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर, 14 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। दिवाली से ठीक पहले रेलवे सुरक्षा बल ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। नागपुर आरपीएफ की टास्क टीम ने बिलासपुर से इतवारी जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 12856) के स्-6 कोच में सफर कर रहे एक संदिग्ध यात्री से करीब 3.37 करोड़ रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और बिस्किट बरामद किए हैं। आरोपी ने बरामद समान का बिल और दस्तावेज पेश नहीं कर पाया, जिसकी वजह से उसके खिलाफ कस्टम एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मामला अवैध तस्करी का लग रहा है, और आगे की जांच जारी है।

13 अक्टूबर को आरपीएफ की टास्क टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि बिलासपुर-इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस के स्-6 कोच में एक संदिग्ध व्यक्ति बड़ी मात्रा में सोना-चांदी के जेवरात लेकर सफर कर रहा है। सूचना पर तुरंत सक्रिय हुई टीम ने आमगांव-गोंदिया के बीच ट्रेन में चेकिंग शुरू की। स्-6 कोच में बैठे व्यक्ति से पूछताछ की गई, तो वह हड़बड़ा गया। उसके पास रखे थैले की तलाशी लेने पर सोने-चांदी के जेवरात और सोने की बिस्किट बरामद हो गए। आरोपी ने अपना नाम नरेश पंजवानी (55 वर्ष) बताया, जो गोंदिया के श्रीनगर बम्बा भवन के पास रहता है। पूछताछ में उसने बताया कि वह ट्रेन से यात्रा कर रहा था, लेकिन जेवरातों के बिल या कोई दस्तावेज उसके पास नहीं थे। आरपीएफ ने तुरंत नागपुर के राजस्व खुफिया निदेशालय के समक्ष उसे पेश किया, जहां से सोना-चांदी जब्त कर ली गई।

आरपीएफ के अनुसार, यह कार्रवाई दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल के अंतर्गत डिविजनल सिक्योरिटी कमिश्नर दीप चंद्र आर्य के मार्गदर्शन में की गई। दिवाली जैसे पर्व से पहले अवैध तस्करी रोकने के लिए आरपीएफ की विशेष चेकिंग अभियान चल रहे हैं। पूछताछ के दौरान नरेश पंजवानी से जेवरातों के स्रोत और मालिकाना हक के दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कुछ भी पेश नहीं कर सका। लिहाजा, डीआरआई ने कस्टम एक्ट के प्रावधानों के तहत जब्त माल को सील कर लिया और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस और आरपीएफ संयुक्त रूप से जांच कर रही है कि यह सोना-चांदी किसका है और कहां से लाया जा रहा था। संभावना है कि यह तस्करी का मामला हो।

आज व कल पुष्य नक्षत्र : बाजार में बढ़ने लगी रौनक

धमतरी, 14 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। दीपावली पर्व के पूर्व पुष्य नक्षत्र के शुभअवसर पर बाजार में रौनक बढ़ने लगी। बाजार में उम्मीद के अनुरुप ग्राहकी पिछले कई दिनों से नही हो पा रही थी, लेकिन आज सुबह से ही खरीददारी करने लोग पहुंचे। सराफा, कपड़े, आटो मोबाईल, इलेक्ट्रानिक, बर्तन दुकानों में अच्छी ग्राहकी होती रही। पुष्य नक्षत्र को खरीददारी के लिए बेहद शुभ माना जाता है और गुरु पुष्य नक्षत्र का और भी ज्यादा शुभ फलदायी माना जाता है। बता दे कि इस बार आज व कल 15 अक्टूबर को भी पुष्य नक्षत्र है। आज मंगल पुष्य से धन वृद्धि व बुध पुष्य से सर्वाथ सिद्धि योग बन रहा है। आज सुबह 11.54 बजे से पुष्य नक्षत्र प्रारंभ हुआ जो कि 15 अक्टूबर के दोपहर 12 बजे समाप्त होगा। खरीददारी के लिए मुहूर्त के अनुसार भी बाजार गुलजार रहा। ग्राहकों द्वारा खरीददारी करने रुचि दिखाई गई। आज कपड़ा, ज्वेलरी, इलेक्ट्रानिक, बर्तन, आटो मोबाईल आदि दुकानों में भीड़ अच्छी रही। पुष्य नक्षत्र से दीपावली तक जमकर खरीददारी की उम्मीद है।

सोने-चांदी के दामो में रिकार्ड उछाल से सराफा बाजार प्रभावित - ज्ञात हो कि इस साल सोने-चांदी के दामो में हमेशा तेजी से ही रही है। जिससे सोना चांदी के दाम आसपास छूने लगे है। कुछ दिन पूर्व तक 24 कैरेट सोने का भाव 1 लाख 27 हजार तक पहुंच चुका था। वहीं चांदी का भाव प्रति किलो 1 लाख 95 हजार तक बताया जा रहा है। जिससे सराफा बाजार में प्रभाव नजर आ रहा है। सामान्यत: दीपावली पर्व के दौरान सराफा बाजार में करोड़ो की खरीददारी होती है बाजार गुलजार रहता है लेकिन इस बार बाजार थोड़ा प्रभावित रह सकता है।

- सराफा, कपड़े, आटो मोबाईल, इलेक्ट्रानिक दुकानो में बढ़ी ग्राहको की भीड़
- आज सुबह 11.54 बजे से पुष्य नक्षत्र प्रारंभ हुआ जो कि 15 अक्टूबर के दोपहर 12 बजे होगा समाप्त

कपड़ा बाजार में ज्यादा ग्राहकी - दीपावली पर्व की खरीददारी में कपड़ा बाजार आगे है। पिछले सप्ताह भर से कपड़ा दुकानों में ग्राहकों की अच्छी भीड़ उमड़ रही है। अन्य दुकानों की तुलना में कपड़ा दुकानों रौनक छाने से व्यापारियों में संतुष्टी देखी जा रही है। रेडिमेट मेन्स वियर, लेडिस वियर कपड़ो की बिक्री ज्यादा है। वहीं साड़ी सलवार सहित अन्य प्रकार के कपड़ो की खरीददारी हो रही है, लेकिन सबसे ज्यादा रेडिमेट शर्ट व टी शर्ट, जींस की मांग बनी हुई है।

ग्राहकों के लिए बम्फर ऑफर- दीपावली पर्व विभिन्न प्रतिष्ठानों व दुकानों में ग्राहकों के लिए कई ऑफर चलाये जा रहे है। जिसके तहत ग्राहकों को खरीददारी करने पर विशेष छुट, उपहार के साथ लक्की ड्रा जैसे स्कीम दिये जा रहा है। ग्राहकों में ऑफर को लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है। इलेक्ट्रानिक व ज्वेलरी बाजार में ग्राहको को लुभाने कई तरह के आफर दिये जा रहे है। किरण ज्वेलर्स, अरिहंत ज्वेलर्स सहित आदि दुकानों में विशेष आफर चलाये जा रहे है। कहीं लक्की कूपन दिया जा रहा तो कहीं प्रोडक्ट में डिस्काउंट देकर ग्राहको को आकर्षित किया जा रहा है।

ऑनलाईन शॉपिंग से व्यापार प्रभावित- आधुनिकता के दौरान में व्यापार भी हाईटेक हो चुका है। कुछ साल पूर्व तक ग्राहक सीधे दुकानों में पहुंचकर खरीददारी करते थे, लेकिन अब ग्राहकों के पास आधुनिक विकल्प मौजूद है। जिसके तहत ग्राहक घर बैठे सैकड़ो प्रोडक्ट मोबाईल पर देखकर सेलेक्ट कर आनलाईन खरीददारी करने लगे है। आनलाईन शॉपिंग में लोगो को कहीं ज्यादा डिस्काउंट व रेंज उपलब्ध हो जाता है। इसलिए ऑनलाईन शॉपिंग का व्यापार बढ़ा है। जिससे दुकानो में ग्राहकी प्रभावित हुई है।